# ATMA RAM SANATAN DHARMA COLLEGE
## (UNIVERSITY OF DELHI)

---

वेदांता : हिंदी वाद-विवाद समिति

वेदांता : हिंदी वाद-विवाद समिति, दिल्ली विश्वविद्यालय की चुनिंदा विशिष्ट समितियों में से एक है, जो वाद-विवाद के माध्यम से छात्रों को तार्किक सोच और विश्लेषणात्मक क्षमता विकसित करने के लिए मंच प्रदान करती है। इस सत्र में अब तक समिति के सदस्यों ने 265 से अधिक पुरस्कार अपने नाम किए हैं, जिनमें से 9 संस्थागत विशिष्ट पुरस्कार शामिल हैं। 'दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज़्म' की चल वैजयंती को भी समिति ने इस वर्ष अपने नाम किया, जो विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. योगेश सिंह के द्वारा प्रदान की गई।

विगत वर्ष वेदांता समिति द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित करवाए गए, जिनके माध्यम से युवाओं को विचार-विमर्श की प्रक्रिया में जुड़कर अपने विचारों को अभिव्यक्त करने का अवसर प्राप्त हुआ। समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम कुछ इस प्रकार हैं—

नवागत छात्रों को समिति की कार्यप्रणाली एवं उपलब्धियों से अवगत कराने हेतु सितंबर माह में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके उपरांत सितंबर माह में ही चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। इस चरण में सफल होने के पश्चात नवागंतुकों को साक्षात्कार की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा, जिसमें सफल होने वाले नवागंतुक समिति का हिस्सा बने।

नवंबर माह में समिति ने 'तर्क-तृष्णा' के पंचम संस्करण के अंतर्गत अंतर-महाविद्यालय नवागंतुक गैर-संसदीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। साथ ही इस संस्करण में समिति ने नवीन चल वैजयंती का शुभारंभ भी किया, जो इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के नवागंतुकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी।

नवंबर माह के मध्य में ही SVEEP कार्यक्रम के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग एवं नई दिल्ली जिला निर्वाचन आयोग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर-महाविद्यालय टर्नकोट वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दिए गए विषय "यह सदन मानता है कि क्षेत्रीयवाद की भावना मतदाताओं के हितों के अनुकूल है" पर दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया।

इस वर्ष समिति ने सिविल सेवा परीक्षा के उम्मीदवारों के मार्गदर्शन के लिए दृष्टि आईएएस संस्थान, चहल आईएएस, श्रीराम आईएएस एवं आईएएस गाँव संस्थान आदि के सहयोग से अनेक संवादात्मक संगोष्ठियों का आयोजन किया।

मार्च माह में समिति ने तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के पंचम संस्करण के रूप में वेदांगम्-2025 का आयोजन किया। वेदांगम्, दिल्ली विश्वविद्यालय सहित देश के वाद-विवाद सर्किट के सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक है। इस वर्ष मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री अंजना ओम कश्यप, मैनेजिंग डायरेक्टर (आज तक) ने शिरकत की और छात्रों का मार्गदर्शन किया।

वेदांगम् में प्रतिभाग करने हेतु दिल्ली विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों सहित देश के विभिन्न संस्थानों से छात्रों ने पंजीकरण किया एवं उसके पश्चात संसदीय वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं प्रशिक्षु अधिनायक प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इस वर्ष वेदांगम् के पंचम संस्करण में समिति ने प्रशिक्षु अधिनायक प्रतियोगिता में भी नवीन 'चल वैजयंती' का शुभारंभ किया।

समिति के सदस्यों ने दिल्ली विश्वविद्यालय सहित देश के अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और अनेक पुरस्कार अपने नाम किए। इस सत्र में अब तक समिति के सदस्यों ने 265 से अधिक पुरस्कार अपने नाम किए हैं, जिनमें 9 संस्थागत पुरस्कार शामिल हैं। कुछ प्रमुख पुरस्कार इस प्रकार हैं—

- विजेता, तत्त्वचिंतन 2.0 : नवागंतुक संसदीय वाद-विवाद, आर्यभट्ट महाविद्यालय, 17–18 नवंबर 2024
- विजेता, आदिगुरु शंकराचार्य स्मृति नवागंतुक संसदीय वाद-विवाद, देशबंधु महाविद्यालय, 26–28 नवंबर 2024
- विजेता, डॉ. कलाम सीरीज़ : राष्ट्रीय विज्ञान एवं पर्यावरण पारंपरिक वाद-विवाद, लेडी इरविन महाविद्यालय, 21 फ़रवरी 2025
- विजेता, स्वामी विवेकानंद स्मृति राष्ट्रीय द्विभाषीय पारंपरिक वाद-विवाद, दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज़्म, 02 अप्रैल 2025
- विजेता, वागीशा : अंतर-महाविद्यालय महिला संसदीय वाद-विवाद, दौलत राम महाविद्यालय, 08–09 अप्रैल 2025
- विजेता, अंतर-महाविद्यालय नवागंतुक संसदीय वाद-विवाद प्रतियोगिता, दयाल सिंह महाविद्यालय, 13–14 अप्रैल 2025